संख्या-21/962/84-1-2013-सू.03/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर,2013

विषय- जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय गोरखपुर को सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-337/निविमावि/सूचना शासन/13 दिनांक 11 सितम्बर,2013 का संर्दभ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आवेदक के पत्र दिनांक 30-04-2013 के बिन्दु संख्या-2,4,व5 का संबंध कार्या0 सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान गोरखपुर संभाग गोरखपुर के कार्यालय से न होने के कारण क्या उक्त बिन्दुओं पर आवेदक को सूचनाऐ देने की आवश्यकता नही रह गई है इसके अतिरिक्त कृपया यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि सहायक नियंत्रक गोरखपुर के पत्र दिनांक 04-10-2012 व दिनांक 10-01-2013 तथा दिनांक 08-04-2013 के द्वारा सूचित किए जाने पर आप द्वारा दोषी कार्मिकों के विरूद्व अब तक क्या कार्यवही की गई है, कृपया उपरोक्त स्थित से शासन को पृथक से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)

अनु सचिव।

http://srsanadesh.up.nic.in